an>

Title: Need to take steps to restore stoppage of train number 12231/12232 at Kasba Seohara in Nagina Parliamentary Constituency of Uttar Pradesh.

डॉ. यशवंत सिंह (नगीना) : धन्यवाद उपाध्यक्ष महोदय। मैं उत्तर प्रदेश के जनपद बिजनौर की नगीना सीट का प्रतिनिधित्व करता हूं। इस लोक सभा क्षेत्र का एक बड़ा हिस्सा उत्तरांखण्ड के साथ जुड़ा हुआ है और उत्तरांखण्ड को जाने वाली ज्यादातर सड़कें मेरे लोक सभा क्षेत्र से निकलती हैं, इसलिए वहां पर यातायात का बहुत दबाव रहता है। मेरे लोक सभा क्षेत्र के कस्बा शिवहारा से लखनऊ और चण्डीगढ़ की ओर जाने वाली ट्रेन संख्य 12231 अप एवं 12232 डाउन चण्डीगढ़ एक्सप्रेस गुजरती है, जो पहले शिवहारा स्टेशन पर रुका करती थी। वहां से बहुत से यात्री इस ट्रेन पर चढ़ा करते थे, लेकिन न जाने क्यों इस ट्रेन का स्टॉपेज वहां बंद कर दिया गया है जिससे जो लोग चण्डीगढ़ इलाज कराने के लिए जाते थे या लखनऊ किसी काम से जाते थे, उनको बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसी के साथ-साथ, नगीना जो मेरे लोक सभा क्षेत्र का मेन रेलवे स्टेशन है, वहां पर पुल नहीं है। फाटक पर प्रतिदिन तीन से चार घण्टे जाम लगता है। इसकी वजह से आने वाले लोगों को एनएच-74 पर बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कई बार एम्बुलेंस में लेटे मरीज क्रॉस न करने की वजह से मौत को प्राप्त होते हैं। मेरी आपके माध्यम से सरकार से गुजारिश है कि जो स्टॉपेज 12231-अप एंड 12232-डाउन बंद किया गया है. इन्हें पुनः चालू किया जाए और इस पर पुल निर्माण की स्वीकृति जो पहले से है, इस कार्य को बहुत शीघ्र ही पूरा किया जाए। धन्यवाद।